# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## विज्ञापन संख्या: 07-परीक्षा/2019

## सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)(सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019

ऑनलाइन आवेदन / रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि – **19-09-2019**

ऑनलाइन शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि – **19-09-2019**

परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन / ऑनलाइन शुल्क / आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि – **09-10-2019**

आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि – **16-10-2019**

---

**विशेष कथन- उपरोक्त विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन व फीस जमा करने की अंतिम तिथि 09-10-2019 तक है। इस तिथि के बाद कोई आवेदन/फीस स्वीकार नहीं होगी। आवेदक अपने आवेदन का प्रिंटआउट तब तक नहीं निकाल सकेगा जब तक कि उसकी फीस का समायोजन बैंक द्वारा नहीं कर दिया जाता। अतः अभ्यर्थी द्वारा बैंक से शुल्क का समायोजन 09-10-2019 तक अथवा उससे एक सप्ताह के अन्दर अर्थात 16-10-2019 तक अनिवार्य रूप से करा लिया जाए। इस अवधि में अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में (Registered Mobile Number, Email, कैटेगरी को छोड़कर) संशोधन भी कर सकता है।**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या **07-परीक्षा/2019** द्वारा **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)(सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019** के अंतर्गत महानिदेशक, परिवार कल्याण, मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई, महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना, उ०प्र० में रिक्त सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के क्रमशः 620, 01 व 02 पद, कुल 623 पद तथा निदेशक अर्थ एवं संख्या प्रभाग, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, निदेशक मत्स्य, महानिदेशक पर्यटन विभाग, आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता उ०प्र० तथा अपर निदेशक, राष्ट्रीय बचत, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में रिक्त सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के क्रमशः 225,29,09,02,08 तथा 08 पद कुल रिक्त 281 पदों पर "**सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)(सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019** की लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। **अभ्यर्थी को सभी पदों के लिए केवल एक ही आवेदन सबमिट करना है।**

**1– ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना –** इस विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन पद्धति (online application system) लागू है। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन ही करें। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी कृपया नीचे दी गयी प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करें-

**(अ)- आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया**

**आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को निम्नलिखित पॉच भागों में विभक्त किया गया है -**

1- कैन्डिडेट रजिस्ट्रेशन (Candidate Registration)
2- फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड(Photo and Signature Upload) करना
3- फार्म के शेष विवरण का भरा जाना (Filling Remaining Part of Form)
4- फीस का भुगतान तथा एप्लीकेशन फार्म सबमिशन (Fee Payment & Submit Application Form)
5- फार्म का प्रिन्टआउट लेना (Print Application Form)

नोट – अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के लिए उपरोक्त वर्णित समस्त प्रक्रियाएँ एक बार में ही पूर्ण कर सकता है।

अभ्यर्थी द्वारा आयोग की वेबसाइट http://upsssc.gov.in पर "ऑल नोटीफिकेशन/ एडवरटिजमेंट डिटेल्स" (all notification / advertisement details) पर क्लिक करने पर ऑनलाइन एडवरटिजमेंट (विज्ञापन) स्वतः प्रदर्शित होगा। **अभ्यर्थी उक्त विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ें और भली –भांति समझ लें कि वे विज्ञापित पद हेतु वांछित योग्यता , अनिवार्य अर्हता शैक्षिक व अन्य धारित करते है तथा निर्धारित आयु सीमा (21 से 40 वर्ष) के अंतर्गत आते हैं। तदोपरांत ही आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करें। User Instruction में अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन भरने से संबन्धित दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अतः अभ्यर्थी आवेदन भरने हेतु निम्नलिखित User Instructions अवश्य पढ़ें:-**

## आवेदन की प्रक्रिया – (User Instructions)

### भाग-1- कैन्डिडेट रजिस्ट्रेशन (Candidate Registration)

I. इस भाग में अभ्यर्थी को अपने से सम्बन्धित आवश्यक सूचना भरना होगा। प्रत्येक फील्ड के लिए सूचना भरने हेतु स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं। अभ्यर्थी इन निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें तथा उसी के अनुसार आवेदन पत्र भरें।

II. Registration पेज पर अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत सूचनाएं जैसे -नाम, पिता/पति का नाम, उत्तर प्रदेश का मूल निवासी, श्रेणी, जन्मतिथि, लिंग, वैवाहिक स्थिति, सम्पर्क हेतु मोबाइल नंबर, इमेल पता, अनिवार्य शैक्षिक अर्हता (शैक्षिक योग्यता 1 या 2 जो भी हों) का विवरण और अन्य प्रासंगिक सूचनायें सही-सही भरनी हैं।

III. वेब पेज पर नीचे की ओर **"Enter Verification Code"** में दिखाये गये वेरिफिकेशन कोड को प्रविष्ट करने के पश्चात **"सबमिट"** बटन पर क्लिक करें। फार्म सबमिट होते ही दूसरे पृष्ठ पर **"रजिस्ट्रेशन स्लिप"** प्रदर्शित होगी, जिसमें 11 अंको का रजिस्ट्रेशन नम्बर विवरण सहित होगा। अभ्यर्थी इसकी प्रति मुद्रित अवश्य कर लें, जिसका उपयोग भावी कार्यों हेतु किया जायेगा। यदि किसी कारण से अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन के समय रजिस्ट्रेशन स्लिप प्रिन्ट न कर सका हो तो वह बाद में भी वेबसाइट के **Applicant Segment** में **Know Your Status** के अंतर्गत **"Print Duplicate Registration Slip"** बटन पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन स्लिप प्रिन्ट कर सकता है।

### भाग-2- फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड (Photo and Signature Upload)

**अभ्यर्थी का रंगीन फोटोग्राफ निम्न मानक के अनुरूप होना चाहिए–**

I. चेहरे की छवि स्पष्ट दिखनी चाहिए। चेहरे पर अत्यधिक चमक/ छाया नहीं होनी चाहिये।

II. ठुड्डी से शिखर तक साफ दिखता हो।

III. चेहरे के दोनों किनारे (दोनों कान) साफ दिखते हो।

IV. चश्मा पहनने की स्थिति में आँखें साफ दिखनी चाहिए और शीशा रंगीन नहीं होना चाहिए।

V. कैमरे पर नजर सीधी हो।

VI. अभिव्यक्ति तटस्थ हो (आँखें खुली, मुंह बन्द)।

VII. सफेद या हल्के ग्रे रंग की सादी पृष्ठभूमि आवश्यक है।

VIII. फोटो का आकार 35 मिमी (1.4 इंच) x 45 मिमी (1.75 इंच) का होना चाहिये। जिसमें फोटो का लगभग 70% भाग चेहरे से आच्छादित हो।

IX. फोटो 6 महीने के भीतर लिया गया हो।

अभ्यर्थी अपना 3.5cm चौड़ा व 4.5cm लंबा रंगीन फोटोग्राफ *.jpe,*.jpeg,*.jpg,* प्रारूप में स्कैन करें जिसका न्यूनतम आकार 05Kb तथा अधिकतम आकार 30Kb से कम होना चाहिए तथा **हस्ताक्षर 1.5 cm लंबा तथा 3.5cm चौड़ा होना चाहिए।**

अभ्यर्थी वांछित सूचनाओं को प्रविष्ट करने के बाद **"Continue"** बटन को क्लिक करते ही दूसरे पृष्ठ पर चले जायेंगे।

## भाग- -3 फार्म के शेष विवरण का भरा जाना (Filling Remaining Part of Form)

I. अधिमानी अर्हता (यदि कोई हो तो) तथा स्थाई व पत्र व्यवहार का पता आदि भी भरना होगा। इसके उपरान्त अभ्यर्थी को एक घोषणा (Declaration) से सहमत होना होगा।

## घोषणा (Declaration)

वेब पेज के निचले हिस्से में अभ्यर्थियों द्वारा की जाने वाली घोषणा का प्रारूप प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि घोषणापत्र की अंतर्वस्तु का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें तथा यदि घोषणा-पत्र से सहमत हो तो Yes का चयन करें, घोषणा से असहमत होने की दशा में फॉर्म भरने के आगे की प्रक्रिया स्वतः रुक जाएगी।

अभ्यर्थीगण द्वारा आवेदन के समय पूरणीय समस्त स्तम्भो की पूरित प्रविष्टियों को प्रीव्यू पृष्ठ पर देखा जा सकेगा। यदि पूरित आंकडो में कोई संशोधन चाहते हैं तो **"बैक"** बटन को क्लिक कर प्रविष्ट विवरणों को संशोधित भी कर सकते हैं।

जब अभ्यर्थी आवेदन की पूरित प्रविष्टियों की शुद्धता के विषय में सन्तुष्ट हो जायें तो सबमिट बटन को क्लिक कर अपने द्वारा अंकित आंकडो को अंतिम रूप से संप्रेषित करेंगें।

**नोट – यदि अभ्यर्थी ने रजिस्ट्रेशन के समय अपनी कैटेगरी गलत भर दी है तो ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी शुल्क जमा करने के पहले ही अपनी कैटेगरी में बदलाव कर सकता है और इसके उपरांत ही अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क का भुगतान करेगा। शुल्क जमा करने के उपरांत अभ्यर्थी अपनी कैटेगरी में बदलाव नहीं कर सकता है।**

## भाग- 4- फीस का भुगतान तथा एप्लीकेशन फार्म सबमिशन (Fee Payment & Submit Application Form)

(I) अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क का भुगतान Credit card/Debit card, Internet Banking या SBI के ई-चालान के माध्यम से वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये तत्काल कर सकता है। शुल्क का सफल भुगतान होते ही Payment Acknowledgment Receipt (PAR) Generate होगी जिसमें Payment का विवरण अंकित होगा। इस पर नीचे की ओर बाईं तरफ प्रिंट तथा दाहिनी तरफ Proceed To Download and print The Application Form बटन को क्लिक कर अपना फार्म अन्तिम रूप से **Submit** कर सकता है तथा उसका एक **Printout** भी ले सकता है।

(II) ई–चालान के माध्यम से शुल्क का भुगतान करने हेतु अभ्यर्थी को SBI का ई-चालान download कर SBI के किसी भी शाखा में जाकर निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। शुल्क का भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी **Applicant Segment** के अंतर्गत **Update Your Transaction ID By Double Verification Mode** के माध्यम से आवश्यक विवरण भरने के उपरान्त तुरन्त फार्म का अगला भाग पूर्ण कर सकते हैं।

(III) यदि किसी कारण से अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क का भुगतान तत्काल नहीं कर पाता है तो वह शुल्क जमा करने की अवधि में मुख्य पृष्ठ पर **Applicant Segment** के अंतर्गत दिये गये **Fee Deposition** पर

क्लिक कर Credit card/Debit card, Internet Banking या SBI के ई-चालान के माध्यम से वेबसाइट पर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सकता है।

(IV) **अभ्यर्थी फीस जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत शुल्क जमा नहीं कर पायेगा और न ही अपना आवेदन सबमिट कर सकेगा।**

(V) **शुल्क भुगतान के उपरांत अभ्यर्थी अपनी कैटेगरी में बदलाव नहीं कर सकता है।**

**विशेष नोट – अभ्यर्थियों के लिए यह ध्यान देने योग्य बात है कि निर्धारित शुल्क का भुगतान Credit Card/Debit Card, Internet Banking या SBI के ई-चालान के माध्यम से ही किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं किया जा सकता है। अभ्यर्थियों का आवेदन तब तक अधूरा रहेगा जब तक कि उनके द्वारा शुल्क भुगतान की कार्यवाही पूर्ण नहीं की जाती है।**

(आवेदन शुल्क) – ऑनलाइन आवेदन के कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन का प्रारूप भरने के बाद भाग-4 में उपरिवर्णित विधि से परीक्षा शुल्क का भुगतान करेंगे। आवेदन हेतु श्रेणीवार निर्धारित शुल्क निम्नानुसार है-

| क्र० सं० | श्रेणी | आवेदन शुल्क | ऑनलाइन प्रक्रिया शुल्क | शुल्क योग ( आवेदन शुल्क + ऑनलाइन प्रक्रिया शुल्क ) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | अनारक्षित (सामान्य) | 160.00 | 25.00 | 185.00 |
| (2) | अन्य पिछड़ा वर्ग | 160.00 | 25.00 | 185.00 |
| (3) | अनुसूचित जाति | 70.00 | 25.00 | 95.00 |
| (4) | अनुसूचित जनजाति | 70.00 | 25.00 | 95.00 |
| (5) | विकलांगजन हेतु | ------ | 25.00 | 25.00 |

**नोट- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, भूतपूर्व सैनिकों एवं महिला अभ्यर्थियों को क्रमांक से 1-4 तक उल्लिखित उनकी मूल श्रेणी के अनुसार शुल्क देय होगा।**

## भाग-5 - फार्म का प्रिन्टआउट लेना (Print Application Form)

अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन पत्र अन्तिम रूप से सबमिट करने के उपरान्त उस एप्लीकेशन फार्म का प्रिन्ट आउट Applicant Segment में Know Your Status के अंतर्गत Print Detailed Application Form बटन पर क्लिक कर अवश्य प्राप्त कर लें। **अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा/परीक्षण के समय इस फार्म की एक प्रति प्रस्तुत करना होगा।**

यदि अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा चुका है और अभ्यर्थी अपने आवेदन का प्रिंटआउट नहीं निकाल पा रहा है तो अभ्यर्थी Homepage पर Applicant Segment के अंतर्गत दिये गए लिंक "Update Your Transaction ID by Double Verification" पर क्लिक कर विज्ञापन की अंतिम तिथि तक अथवा उससे एक सप्ताह के अंदर प्रत्येक दशा में अवश्य प्रिंट कर ले। उसके बाद अर्थात एक सप्ताह के बाद Printout नहीं ले सकेगा।

**नोट- अभ्यर्थी कृपया ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के समस्त भागों का अनुपालन निर्धारित तिथि तक अवश्य सुनिश्चित कर लें।**

**2 -आवेदन पत्र में संशोधन**

(I) **अभ्यर्थी अंतिम रूप से आवेदन सबमिट करने के बाद केवल एक बार ही अपने आवेदन में संशोधन कर सकता है।** इसके लिए अभ्यर्थी वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर **Modify Submitted Application** पर click कर वांछित विवरण भरने के उपरांत जब Login करेगा तो उसके Registered mobile Number तथा Email पर एक OTP(One Time password) जायेगा इस OTP की सहायता से उसका भरा हुआ फार्म खुलेगा तथा अभ्यर्थी अपने फार्म के किसी भी Field को संशोधित कर सकता है, परन्तु वह अपना Registered mobile Number, Email , कैटेगरी में किसी प्रकार का कोई संशोधन नहीं कर सकता है।

(II) अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन के उपरांत पदों की संख्या घटा/बढ़ा नहीं सकता है।

(III) **अभ्यर्थी केवल एक बार ही अपना फार्म संशोधित कर सकता है।**

(IV) **आवेदन पत्र में संशोधन विज्ञापन की अंतिम तिथि तक अथवा उससे एक सप्ताह के अंदर अर्थात 16-10-2019 तक ही अनुमन्य है।**

**3-** **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019** के अंतर्गत उपर्युक्त प्रस्तर-1 में उल्लिखित रिक्त **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)** के कुल 904 पदों का विभाग द्वारा प्रेषित अधियाचन में दी गयी सूचना के आधार पर पदवार एवं श्रेणीवार विवरण निम्नवत है-

## सारिणी-1

| | | | | | पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पद क्रम सं० | विभाग का नाम | पदनाम | वेतन बैन्ड/ वेतनमान/ ग्रेड पे | 01 जुलाई, 2019 को आयु (न्यूनतम-अधिकतम) वर्षों में। | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल पद | स्थायी/ अस्थायी |
| 1- | महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 346 | 60 | 21 | 193 | 620 | अस्थायी एवं स्थायी दोनों पद सम्मिलित हैं। |
| 2- | मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | अस्थायी |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3- | महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | स्थायी |
| 4- | निदेशक अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 166 | 36 | 11 | 12 | 225 | स्थायी |
| 5- | मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 19 | 04 | 00 | 06 | 29 | 03 पद अस्थायी एवं शेष पद स्थायी |
| 6- | निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 07 | 01 | 00 | 01 | 09 | स्थायी |
| 7- | महानिदेशक पर्यटन, उत्तर प्रदेश लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | स्थायी |
| 8- | आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उत्तर प्रदेश लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 07 | 01 | 00 | 00 | 08 | स्थायी |
| 9- | अपर निदेशक, राष्ट्रीय बचत, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 9300-34800, ग्रेड वेतन-रु० 4200 | 21-40 | 04 | 01 | 00 | 03 | 08 | स्थायी |
| | कुल पद | | | | | | | | 904 | |

टिप्पणी-

1- उपर्युक्त सारणी में विभाग के सम्मुख श्रेणीवार पदों की संख्या, विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गई श्रेणीवार (अनारक्षित/आरक्षित) रिक्त पदों की सूचना पर आधारित है।

2- उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सारणी में विभाग के सम्मुख उल्लिखित रिक्त पदों के विवरण के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों (EWSs) को एतदसम्बन्धी उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2019/4/1/2002/का-2/19-टी०सी०-II, दिनांक- 18 फरवरी, 2019 के अनुसार अनुमन्य किये गए 10% आरक्षण के सापेक्ष रिक्त पदों का विवरण नहीं दिया गया है।

3- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों (EWSs) को, एतदसम्बन्धी उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2019/4/1/2002/का-2/19-टी०सी०-II, दिनांक- 18 फरवरी, 2019 में विहित व्यवस्था का नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करने के क्रम में जारी किये जाने वाले शासनादेशों के अनुसार, उपर्युक्त सारणी में उल्लिखित पदों के सापेक्ष 10% आरक्षण EWSs को अनुमन्य किया जायेगा।

4- **नियोजन अनुभाग-2 उत्तर प्रदेश शासन के शासनदेश संख्या- 2489/पैंतीस-2-2010/3/39(75)/2010, 04 अप्रैल, 2011 के अनुसार अर्थ एवं संख्या निरीक्षक (विकास खण्ड में तैनाती की दशा में सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकी) पदाभिहीत ) जिसका पदनाम सहायक सांख्यिकीय अधिकारी कर दिया गया है जैसाकि उपर्युक्त सारणी-1 के क्रमांक-4 पर विभाग के सम्मुख उल्लिखित है।**

5- आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी आगे बिन्दु-4 में सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)(सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019 से सम्बन्धित तथा विज्ञापित पदों हेतु विहित अनिवार्य अर्हताएं (शैक्षिक ) व अन्य अवश्य पढ़ लें तथा ये सुनिश्चित कर ले कि वे पद हेतु वांछित अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक) व अन्य धारित करते है तथा निर्धारित आयु सीमा, जिसका उल्लेख आगे बिन्दु-05 में किया गया है, के अंतर्गत आते हैं, वे ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

6- उत्तर प्रदेश की महिलाओं, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, विकलांगजनों तथा भूतपूर्व सैनिकों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावधिक शासनादेशों में विहित एवं विभाग द्वारा अवधारित रिक्तियों के अनुसार क्षैतिज आरक्षण देय होगा।

7- अभ्यर्थी को रजिस्ट्रेशन करते समय आवेदित पद को टिक (Select) करना अनिवार्य है, अन्यथा उसका आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8- उत्तर प्रदेश शासन के आरक्षण सम्बन्धी नवीनतम अधिनियमों अध्यादेशों /शासनादेशों में निर्धारित /नीति निर्देशों के अनुरूप अनारक्षित/आरक्षित रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

9- **उपर्युक्त सारणी में उल्लिखित विभागों और रिक्तियों की कुल व श्रेणीवार संख्या घट/बढ़ सकती है।**

**क्षैतिज आरक्षण का विवरण –**

उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित रिक्त पदों के सापेक्ष विभाग द्वारा क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत श्रेणीवार रिक्तियों का उपलब्ध कराया गया विवरण निम्नवत है-

**सारिणी-2**

| क्र० सं० | विभाग का नाम | पदनाम | क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1- | महानिदेशक, परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | (i)- स्व० संग्राम सेनानी के आश्रित | 12 |
| | | | **(ii)- विकलांग-**<br>दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता-08 पद<br>बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास -08 पद<br>ओ०ए०-04 पद<br>ओ०एल०-04 पद | 24 |
| | | | (iii)- सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 31 |
| | | | (iv)- महिला | 124 |
| 2- | निदेशक अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | (i)- स्व० संग्राम सेनानी के आश्रित | 04 |
| | | | (ii)- विकलांग | 00 |
| | | | (iii)- सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 11 |
| | | | (iv)- महिला | 45 |
| 3- | मुख्य नगर एवं | सहायक सांख्यिकीय | (i)- स्व० संग्राम सेनानी के आश्रित | 00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | अधिकारी | (ii)- **विकलांग**-दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता -01 | 01 |
| | | | (iii)- सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 01 |
| | | | (iv)- महिला | 05 |
| 4- | निदेशक मत्स्य, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | (i)- स्व० संग्राम सेनानी के आश्रित | 00 |
| | | | (ii)- विकलांग | 00 |
| | | | (iii)- सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 00 |
| | | | (iv)- महिला | 01 |
| 5- | आयुक्त एवं निबन्धक, सहकारिता, उत्तर प्रदेश लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | (i)- स्व० संग्राम सेनानी के आश्रित | 00 |
| | | | (ii)- विकलांग | 00 |
| | | | (iii)- सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 00 |
| | | | (iv)- महिला | 01 |
| 6- | अपर निदेशक, राष्ट्रीय बचत, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | (i)- स्व० संग्राम सेनानी के आश्रित | 00 |
| | | | (ii)- विकलांग | 00 |
| | | | (iii)- सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | 00 |
| | | | (iv)- महिला | 01 |

**नोट-** **( i) उपर्युक्त सारणी के क्रमांक-2 पर उल्लिखित निदेशक अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उत्तर प्रदेश का सहायक सांख्यिकीय का पद विकलांगजनों हेतु चिन्हांकित नहीं है।**

**(ii) उपर्युक्त सारणी में महिला आरक्षण के अंतर्गत रिक्त दर्शायें गए पदों पर महिलाओं को कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-39 रिट/का-2 /2019, दिनांक- 26 जून, 2019 में विहित व्यवस्थायों के अनुसार आरक्षण अनुमन्य होगा । महिलाओं को प्रदत्त उक्त आरक्षण मा० उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक- 16-01-2019 के विरुद्ध उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दायर विशेष अपील (डी) संख्या-475/2019 में मा० न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन होगा।**

**विशेष टिप्पणी - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) को आरक्षण अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण बिन्दु-**

**(1)-** प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ऐसे (EWSs) अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था से आच्छादित नहीं है तथा उत्तर प्रदेश राज्य के ही मूल निवासी है, को कार्मिक अनुभाग-02, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2019/4/1/2002/का-2/19-टी०सी०-II, दिनांक- 18 फरवरी, 2019 में विहित व्यवस्था के क्रम में कार्यालय ज्ञाप के बिन्दु- 04 (क) एवं (ख) में दिए गए निर्देशों के अनुपालनार्थ बिन्दु- 4 (ख) (i) में निर्धारित मानक के अंतर्गत आते है और विहित शर्तें पूरी करते है, को **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)** के प्रश्नगत रिक्त पदों पर 10% आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

**(2)-** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो 10 प्रतिशत आरक्षण का दावा करते है और वे एतदसम्बन्धी कार्यालय ज्ञाप दिनांक- 18 फरवरी, 2019 के बिन्दु- 04 (ख) (i) के अंतर्गत पात्र/अर्ह है, को बिन्दु- 04 (ख) (III) में विहित व्यवस्था के अनुसार "परिवार की आय और परिसंपत्ति का प्रमाण-पत्र सम्बंधित क्षेत्र के तहसीलदार से अनिम्न (अन्यून) अधिकारी द्वारा जारी /प्रमाणित प्रमाण-पत्र, जो आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी किया गया हो, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। **(3)-** उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-18 फरवरी, 2019 में विहित व्यवस्थायों के नियमानुसार अनुपालन के सम्बन्ध में शासन द्वारा जो भी प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी, को इन पदों पर भर्ती के सन्दर्भ में लागू किया जायेगा।

**(4)-** उत्तर प्रदेश शासन का उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक- 18 फरवरी, 2019 (URL- http:/shasnadesh.up.nic.in/GO/ViewGOPDF_list_user.aspx?id1=MSMxNjMjMiMyMDE5) पर उपलब्ध है।

**4 - अनिवार्य अर्हता (शैक्षिक)-** उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)** के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित अनिवार्य अर्हताएं (शैक्षिक व अन्य) आवेदन की अंतिम तिथि तक धारित करना अपरिहार्य है-

**(1)- अनिवार्य अर्हता – (शैक्षिक)**

(1)- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से गणित या गणितीय सांख्यिकी या वाणिज्य या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता ।

(2)- डी०ओ०ई०ए०सी०सी० सोसाइटी द्वारा प्रदान किया गया कंप्यूटर में 'ओ' स्तरीय डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से कंप्यूटर विज्ञान में कम से कम एक वर्ष का डिप्लोमा ।

(3)- देवनागरी लिपि में हिन्दी का ज्ञान ।

**(2)- अधिमानी अर्हता** – अन्य बातों के समान होने पर ऐसे अभ्यर्थी को सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जाएगा, जिसने-

(1)- प्रादेशिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या ,

(2)- राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाण-पत्र प्राप्त किया हो ।

**5 -** (1)- **आयु सीमा** - **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)** के प्रश्नगत पदों पर भर्ती हेतु आयु गणना की निर्णायक तिथि 01 जुलाई, 2019 है । उक्त तिथि 01 जुलाई, 2019 को अभ्यर्थी ने 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 02 जुलाई, 1979 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 1998 के बाद न हुआ हो ।

**(2)** उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ऐसी अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हो । शासनादेश दिनांक 28.11.1985 के अनुसार वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाडियों को अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी ।

**(3)** भूतपूर्व सैनिको के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट 01 जुलाई, 2019 को इस शर्त के साथ अनुमन्य होगी कि उनकी सम्पूर्ण सेवावधि को उनकी वास्तविक आयु में से घटा कर, परिणाम स्वरुप शेष आयु निर्धारित आयु से 03 वर्ष से अधिक न हो । भूतपूर्व सैनिक श्रेणी हेतु आरक्षित पदों के सापेक्ष आवेदन करने एवं आरक्षण का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को कार्मिक अनुभाग-2 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या- 17/1/82-कार्मिक-2, दिनांक- 03 अक्टूबर, 1990 में विहित **"भूतपूर्व सैनिकों की परिभाषा"** के अंतर्गत परिभाषित होना आवश्यक है और ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन की अंतिम तिथि तक सेना से कार्यमुक्त होना अनिवार्य है ।

**6- आरक्षण- (i)-** उ० प्र० की अनुसूचित जातियों / उ० प्र० की अनुसूचित जनजातियों, उ० प्र०के अन्य पिछड़े वर्गो को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावधिक विद्यमान शासनादेशों/विभाग से प्राप्त अधियाचन के अनुसार आरक्षण अनुमन्य होगा । इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियों यथा – उत्तर प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित / भूतपूर्व सैनिक, विकलांगजनों तथा उत्तर प्रदेश की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यावधिक अध्यादेश/अधिनियम/शासनादेशों/विभाग से प्राप्त अधियाचन के अनुसार रिक्तियाँ बनने पर नियमानुसार आरक्षण अनुमन्य होगा ।

(ii) **उपर्युक्त सारणी में महिला आरक्षण के अंतर्गत रिक्त दर्शायें गए पदों पर महिलाओं को कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-39 रिट/का-2 /2019, दिनांक- 26 जून, 2019 में विहित व्यवस्थायों के अनुसार आरक्षण अनुमन्य होगा । महिलाओं को प्रदत्त उक्त आरक्षण मा० उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक- 16-01-2019 के विरुद्ध उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दायर विशेष अपील (डी) संख्या- 475/2019 में मा० न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन होगा ।**

आरक्षण / आयु में छूट का लाभ चाहने वाले अभ्यर्थी संबन्धित आरक्षित श्रेणी के समर्थन में इस विस्तृत विज्ञापन के परिशिष्ट-8 में मुद्रित तथा वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र, जो आवेदन की अंतिम तिथि तक अथवा आवेदन की तिथि तक जारी किया गया हो, अवश्य प्राप्त कर लें एवं जब उनसे अपेक्षा की जाए तब उन्हें उक्त प्रमाण पत्र आयोग में प्रस्तुत करने होंगे।

**(iii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (Economically Weaker Sections) (EWSs) के लिए आरक्षण-**

**(1)-** प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs)** के ऐसे अभ्यर्थी जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था से आच्छादित नहीं है, तथा उत्तर प्रदेश राज्य के ही मूल निवासी है, को कार्मिक अनुभाग-02, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2019/4/1/2002/का-2/19-टी०सी०-II, दिनांक- 18 फरवरी, 2019 में विहित व्यवस्था के क्रम में कार्यालय ज्ञाप के बिन्दु-04 (क) व (ख) में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में बिन्दु-4 (ख) (1) में निर्धारित मानक के अंतर्गत आते है और विहित शर्तें पूरी करते है तो **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)** के रिक्त पदों (राज्याधीन लोक सेवाओं और पदों) पर 10% आरक्षण अनुमन्य किया जायेगा।

**(2)-** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जो 10 प्रतिशत आरक्षण का दावा करते है और वे एतद सम्बन्धी कार्यालय ज्ञाप दिनांक- 18 फ़रवरी, 2019 के बिन्दु- 04 (ख) (i) के अंतर्गत आते है, को बिन्दु- 04 (ख) (III) में विहित व्यवस्था के अनुसार "परिवार की आय और परिसंपत्ति का प्रमाण-पत्र सम्बंधित क्षेत्र के तहसीलदार से अनिम्न (अन्यून) अधिकारी द्वारा जारी /प्रमाणित प्रमाण-पत्र, जो आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी किया गया हो, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

**(3)-** उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-18 फरवरी, 2019 में विहित व्यवस्थायों के नियमानुसार अनुपालन के सम्बन्ध में शासन द्वारा जो भी प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी, उसे प्रश्नगत पदों पर भर्ती के सन्दर्भ में लागू किया जायेगा।

## 7- परीक्षा के सम्बन्ध में विशेष नोट -

1-(i) यदि विज्ञापित पदों के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अत्याधिक होती है और आयोग के लिए विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा एक ही शिफ्ट में या एक साथ एक ही दिन में आयोजित किया जाना सुविधाजनक नहीं होता है तो उक्त लिखित परीक्षा एक से अधिक शिफ्टों में आयोजित की जा सकती है । यदि परीक्षा एक से अधिक शिफ्टों में आयोजित की जाती है तो Normalization की प्रक्रिया लागू होगी।
इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

(ii) Normalization की उक्त प्रक्रिया के सम्बन्ध में, आयोग की सूचना संख्या-42/05/विज्ञा०अनु०(ग्यारह)/2019, दिनांक- 22 मई, 2019, जो आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है, द्वारा अभ्यर्थियों को पहले ही सूचित किया जा चुका है।

2- (i) यदि विज्ञापित पदों के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अत्याधिक होगी और आयोग के लिए विज्ञापित पदों के सापेक्ष एक लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर पदवार/श्रेणीवार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना सुविधाजनक अथवा संभव नहीं होगा तो आयोग, आयोग द्वारा निर्धारित मानक/मापदंडो के अनुरूप अभ्यर्थियों की संख्या को यथोचित सीमा तक कम करते हुए एक मुख्य परीक्षा आयोजित कर सकता हैं। इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

(ii) **आयोग उक्त परीक्षा/परीक्षाओं में सफल घोषित अभ्यर्थियों के द्वारा प्रवीणता क्रम में जैसा कि अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गए अंकों के कुल योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और पद की उपलब्धता, श्रेष्ठता, पद की शैक्षिक अर्हता व आयु सीमा का संज्ञान लेते हुए दी गयी वरीयता के आधार पर यथासंभव पद आवंटित करने का प्रयास करेगा किन्तु इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।**

**8-** <u>चयन का आधार – लिखित परीक्षा (ऑफलाइन/ऑनलाइन)</u>- आयोग **सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)(सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019** के अंतर्गत विज्ञापित पदों पर चयन हेतु आयोजित की जाने वाली उक्त लिखित परीक्षा का आयोजन ऑनलाइन भी करा सकता है।

**सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी)(सा०च०) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2019** के अंतर्गत विज्ञापित सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी के पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा उत्तर प्रदेश समूह "ग" के पदों के लिए सीधी भर्ती (रीति एवं प्रक्रिया ) नियमावली 2015 दिनांक 11 मई 2015 और कार्मिक अनुभाग–2 उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या–04/2017/1/1/2017-का-2 दिनांक 31.08.2017 द्वारा प्रख्यापित "उत्तर प्रदेश अवर स्तरीय" पदों पर सीधी भर्ती (साक्षात्कार का बन्द किया जाना) नियमावली 2017 के अनुसार (ऑनलाइन/ऑफलाइन) आयोजित की जाएगी। उक्त लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं परीक्षा तिथि से यथासमय सूचित किया जायेगा।

**9-** <u>**अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश-**</u>

1- उत्तर प्रदेश के आरक्षित श्रेणी के सभी अभ्यर्थी आवेदन में अपनी श्रेणी अवश्य अंकित करें।

2- एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी, अनुमन्य होगी।

3- <u>अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित, भूतपूर्व सैनिक, विकलांगजनों को, जो उ०प्र० राज्य के मूल निवासी नहीं हैं, उन्हे आरक्षण का लाभ अनुमन्य नहीं है। ऐसे अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के माने जाएंगे।</u>

4- उत्तर प्रदेश के वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ी तथा भूतपूर्व सैनिक उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अद्यावधिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा एतदर्थ किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

